कन्हैया दरश दिखा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे।।

तर्ज बता मेरे यार सुदामा रे।

द्वापर में म्हारा बण्या हिमाती,
आज नहीं कोई म्हारा साथी,
म्हारा कष्ट मिटा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे,
कन्हैंया दरश दिखा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे।।

द्रोपती की तने लाज बचाई,
चिर बढा के कला दिखाई,
श्याम म्हारा मान बढ़ा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे,
कन्हैंया दरश दिखा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे।।

हरनंदी का भात भरया था,
सही समय पे काम करया था,
तू आके धीर बंधा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे,
कन्हैंया दरश दिखा दे रे,

तेरी गैया तुझे पुकारे।।

ज्यादा पाप धरण पे बढ़ रह्या,
पापी आज शिखर पे चढ़ रह्या,
तू मुरली मधुर सुना दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे,
कन्हैंया दरश दिखा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे।।

कलयुग में तू फिर से आजा,
गऊ माता की जान बचा जा,
देवेन्दर बिगड़ी बना दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे,
कन्हैंया दरश दिखा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे।।

कन्हैया दरश दिखा दे रे,
तेरी गैया तुझे पुकारे।।

Singer Priyanka Chaudhary

Source: https://www.bharattemples.com/kanhaiya-darsh-dikha-de-re-teri-gaiyan-tujhe-pukare/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw